# पाठ - 4

# हिस्से और पूरे

---

## हमारा झंडा

**Q1. एक आयत बनाओ जिसकी लंबाई 9 cm और चौड़ाई 6 cm हो। उसे तीन समान भागों में बाँटो और झंडा पूरा करो।**



**उत्तर :** स्वयं करे

**Q2. हमारे झंडे का ऊपरी 1/3 हिस्सा केसरिया रंग का है। बीच के 1/3 भाग का रंग क्या है?**

**उत्तर :** हमारे झंडे का ऊपरी 1/3 हिस्सा केसरिया रंग का है। बीच के 1/3 भाग का रंग क्या है?

**Q3. अशोक चक्र तुम कहाँ बनाओगे?**

**उत्तर :** अशोक चक्र सफेद वाले भाग में बनाएंगे।

**Q4. झंडे के कितने भाग को तुम हरे रंग से भरोगे ?**

**उत्तर :** झंडे के **1/3 भाग** को हम हरे रंग से भरोगे।

**Q5. क्या सफ़ेद रंग झंडे के 1/3 भाग से कम है? क्यों?**

**उत्तर :** सफ़ेद रंग झंडे के 1/3 भाग से थोड़ा कम है। क्योंकि यह झंडे के सफेद भाग में नीली अशोक चक्र के कारण है।

**Q6. इस झंडे को देखो। इसका कितना भाग काला है?**



**उत्तर :** इस झंडे में  इसका 1/3 भाग काला है।

**Q7. झंडे का हरा भाग ___ लिखा जा सकता है।**



**उत्तर :** झंडे का हरा भाग 1/3 लिखा जा सकता है।

**Q7. क्या लाल रंग झंडे के 1/3 भाग से कम है? क्यों?**

**उत्तर :** लाल रंग झंडे के 1/3 भाग से कम है । क्योंकि यह झंडे के लाल भाग  पर बने सफेद प्रतीक के कारण है।

**Q8. क्या नीला रंग झंडे के एक-चौथाई भाग से ज्यादा है या कम?**



**उत्तर :** हां**,**नीला रंग झंडे के एक-चौथाई भाग से थोड़ा कम है। यह झंडे के नीले भाग पर सफेद प्रतीक के कारण है।

**Q9. अंदाजा लगाओ कि झंडे का कितना भाग लाल है। क्या यह 1/2 से ज्यादा है? क्या यह तीन-चौथाई से ज्यादा है?**

**उत्तर :** स्वयं करे

## पता लगाओ

**Q1. अधिक से अधिक झंडे इकट्ठ करो। कितने झंडों में तीन रंग हैं? क्या इन झंडों में तीनों रंगों के हिस्से बराबर हैं?**

**उत्तर :** चार झंडों में तीन रंग हैं। इटली , रोमानिया , फ्रांस , जर्मनी के झंडों में तीनों रंगों के हिस्से बराबर हैं।

**Q2. यह केरल के एक स्कूल के गणित क्लब का झंडा है। लाल रंग झंडे के कितने भाग में । है? हरा रंग कितने भाग में है?**



**उत्तर :** यह केरल के एक स्कूल के गणित क्लब का झंडा है। लाल रंग झंडे के **2/5 भा**ग में है। हरा रंग 1/5 भाग में है।

**Q3. क्या तुमने लाल रंग इस्तेमाल किया है? झंडे के कितने भाग में तुमने लाल रंग इस्तेमाल किया है? ।**

**उत्तर :** स्वयं करे

**Q4. तुमने और कौन-कौन से रंगों को चुना है?**

**उत्तर :** स्वयं करे

## अभ्यास का समय

**Q1. मंजू के पास एक चॉकलेट थी। उसने एक-चौथाई राजी को, एक-तिहाई सुगंधा को और छठा भाग शीला को दिया। बाकी हिस्सा उसने खा लिया। हरेक को चॉकलेट के कितने हिस्से मिले? यहाँ लिखो।**

**उत्तर :** चॉकलेट के टुकड़ों की कुल संख्या = 12

राजी का हिस्सा = 12 का ¼ भाग = ¼ × 12 = 3

सुगंधा का हिस्सा = 12 का ⅓ भाग = 1/3 × 12 = 4

शीला का हिस्सा = 12 का 1/6 भाग = 1/6 × 12 = 2

मंजू का हिस्सा = 12 - (3 + 4 + 2) = 12 - 9 = 3

मंजू ने चॉकलेट का भाग खाया = 3/12 = ¼ भाग

**Q2. मंजू ने चॉकलेट का कितना भाग खाया?**

**उत्तर :** मंजू ने चॉकलेट का 1/4 भाग खाया।

**Q3. रहीम की यात्रा रहीम को अपने स्कूल पहुँचने के लिए 1¼ किलोमीटर सफ़र करना पड़ता है। उसे स्कूल जाने और वहाँ से घर आने में कुल कितनी दूरी तय करनी पड़ती है?**

**उत्तर :** रहीम को स्कूल जाने और वहाँ से घर आने में 2 ½ किमी दूरी तय करनी पड़ती है।

स्कूल पहुंचने के लिए रहिम को सफर करना पड़ता है = 1 ¼ किमी = 5/4 किमी

स्कूल जाने और वहाँ से घर आने में रहीम द्वारा तय की गई कुल दूरी = 5/4 + 5/4

= 10/4

= 5/2

[अंश और हर को 2 से भाग देने पर]

= 2 ½ किमी

अतः, रहीम को स्कूल जाने और वहाँ से घर आने में 2 ½ किमी दूरी तय करनी पड़ती है।

**Q4. कौन से सिक्के लता ने 7.50 रुपये में एक पेंसिल और एक कलम खरीदा। उसने कुल 10 रुपये दिए। दुकानदार ने उसे अठन्नी और चवन्नी के सिक्के वापस दिए। बताओ उसे कौन से । सिक्के कितने मिले।**

**उत्तर :** दुकानदार द्वारा लता को वापस दिए गए पैसे = ₹ 2.5

लता ने एक पेंसिल और एक पेन खरीदा = ₹ 7.50

लता ने दुकानदार को पैसा दिए = ₹ 10

दुकानदार द्वारा वापस दिए गए पैसे = ₹ 10 - ₹ 7.5 = ₹ 2.5

तो, दुकानदार निम्नलिखित तरीकों से ₹ 2.5 के रूप में लता को पैसे वापस दिए –

a) एक 50 पैसे का सिक्का और आठ 25 पैसे के सिक्के ।

b) दो 50 पैसे के सिक्के और छह 25 पैसे के सिक्के।

c) तीन 50 पैसे के सिक्के और चार 25 पैसे के सिक्के हैं।

d) चार 50 पैसे के सिक्के और दो 25 पैसे के सिक्के।

**Q5. क) रेल के आने का अनुमानित समय क्या होगा? ख) नाजिया इस स्टेशन से 2 घंटे बाद दूसरे स्टेशन पर उतरेगी। वह कितने बजे उतरेगी? ग) शाजी को इस रेल से एर्नाकुलम पहुँचने में 5 घंटे लगेंगे। वह कितने बजे एर्नाकुलम पहुँचेगा?**

**उत्तर** : रेल के आने का अनुमानित समय 7: 15 बजे होगा

(क) पुस्तक में दिया है : रेलगाड़ी आने का सही समय 6:45 का है।

लेकिन, ट्रेन आधे घंटे यानि 30 मिनट की देरी से चल रही है।

तो, रेल के आने का अनुमानित समय = 6: 45 + 0: 30 = 7: 15 बजे

ख) दिया है : नाजिया इस स्टेशन से 2 ½ घंटे बाद दूसरे स्टेशन पर उतरेगी।

वह दूसरे स्टेशन पर उतरेगी : 7: 15 + 2 : 30 = 9 : 45 बजे

अतः, नाजिया 9:45 बजे दूसरे स्टेशन पर उतरेगी।

ग) दिया है : शाजी को इस रेल से एर्नाकुलम पहुँचने में 5 घंटे लगेंगे।

शाजी एर्नाकुलम पहुँचेगा = 7: 15 + 5 : 00 = 12 : 15 बजे

अतः, शाजी एर्नाकुलम पहुँचेगा 12 : 15 बजे


## लालची चौकीदार

**Q1. इसके बाद क्या हुआ होगा? कहानी को पूरा करो। कवि को इनाम का कितना हिस्सा मिला?**

**उत्तर :** स्वयं करे

## हिस्सों में पैटर्न

**Q1. B, C, D ग्रिड के कुछ खानों को रँग कर अलग-अलग पैटर्न बनाओ। तुमने ग्रिड का कितना हिस्सा राँगा हैं? ग्रिड का कितना हिस्सा सफ़ेद रहा? लिखो।**




**उत्तर :** A ग्रिड का नीला (blue) हिस्सा - 8/16 = ½

A ग्रिड का सफेद हिस्सा - 8/16 = ½

B ग्रिड का बैंगनी (purple) हिस्सा - 6/16 = 3/8

B ग्रिड का सफेद हिस्सा - 10/16 = 5/8

C ग्रिड का भूरा(brown) हिस्सा - 10/16 = 5/8

C ग्रिड का सफेद हिस्सा - 6/16 = 3/8

D ग्रिड का हल्का भूरा(light brown) हिस्सा - 8/16 = ½

D ग्रिड का सफेद हिस्सा - 8/16 = ½


**Q2. ग्रिड A को फिर से देखो। क्या ग्रिड में भरा हुआ रंग –**

**क) ½ नीला, ½ सफ़ेद?**

**ख) 2/4 नीला, 2/4 सफ़ेद?**

**ग) ⅜ नीला, ⅝ है सफ़ेद? ।**

**घ) 4/8 नीला, 4/8 सफ़ेद?**



**उत्तर :**

(क) ½ नीला (blue), ½ सफेद (White) = 8/16 = ½ ... [हर और अंश को 8 से भाग देने पर] - ✓

(ख) 2/4 नीला (blue), 2/4 सफेद (White) = 8/16 = 2/4 ... [हर और अंश को 4 से भाग देने पर] - ✓

(घ) 4/8 नीला (blue), 4/8 सफेद (White) = 8/16 = 4/8 ... [हर और अंश को 2 से भाग देने पर] - ✓

दिए गए विकल्पों में से विकल्प

(ग) ⅜ नीला , 5/8 सफेद सही उत्तर है।

**Q3. 16 खानों की अपनी ग्रिड बनाओ और ऐसे पैटर्न बनाओ जिनमें**

**उत्तर :** क) 2/8 लाल, ½ पीला, ¼ हरा हो।

ख) 3/16 नीला, 5/16 लाल, ½ पीला हो।

(a) 2/8 लाल, 1/2 पीला, 1/4 हरा

16 वर्गों में से 2/8 लाल = 2/8 × 16 = 2 × 2 = 4 लाल वर्ग

16 वर्गों में से, 1/2 पीला = 1/2 × 16 = 1 × 8 = 8 पीले वर्ग

16 वर्गों में से ¼ हरा = ¼ × 16 = 1 × 4 = 4 हरे वर्ग

(b) 3/16 नीला, 5/16 लाल, 1/2 हरा

16 वर्गों में से 3/16 नीला = 3/16 × 16 = 3 × 1 = 3 नीले वर्ग

16 वर्गों में से 5/16 लाल = 5/16 × 16 = 5 × 1 = 5 लाल वर्ग

16 वर्गों में से 1/2 हरा = 1/2 × 16 = 1 × 8 = 8 हरे वर्ग

## रामू का सब्जियों का खेत

**Q1. खेत के सबसे बड़े हिस्से में वह कौन सी सब्जी उगा रहा है? कितना हिस्सा?**

**उत्तर :** खेत के सबसे बड़े हिस्से में वह टमाटर उगा रहा है। अर्थात् 3/9 भाग पर।

**Q2. कितने हिस्से में वह आलू उगा रहा है?**

**उत्तर :** आलू खेत के 2/9 भाग में उगा रहा है।

**Q3. कितना हिस्सा पालक उगाने के लिए उपयोग किया गया? कितना हिस्सा बैंगन उगाने के लिए उपयोग किया गया?**

**उत्तर :** खेत का 1/9 हिस्सा पालक उगाने के लिए उपयोग किया गया है। खेत का 2/9 हिस्सा बैंगन उगाने के लिए उपयोग किया गया है।

## तुम्हारे प्रश्न और उत्तर

**Q1. रामू ने कुछ सब्ज़ियाँ अपने दोस्तों को देने की सोची। उसने अबूबकर कोई हिस्सा टमाटर और 3 हिस्सा आलू दिए। सृजा को ३ हिस्सा टमाटर और ३ हिस्सा आलू मिले। नैन्सी को बची हुई सब्ज़ियाँ मिलीं। अबूबकर के हिस्से पर नीले रंग से गोला बनाओ। सृजा को मिले भाग को पीले गोले से दिखाओ।**

**उत्तर :** कुल टमाटर की संख्या = 20

कुल आलूओं  की संख्या = 18

अबूबकर को टमाटर मिले = 20 का ⅕ = 20 × ⅕ = 4

अबूबकर को आलू मिले = 18 का ⅓  = 18 × ⅓ = 6

सृजा को टमाटर मिले = 20 का 2/5 = 20 × 2/5 = 8

सृजा को आलू मिले = 18 का 3/6  = 18 × 3/6 = 9

नैन्सी को टमाटर मिले = 20 - (4 + 8) = 20 - 12 = 8


नैन्सी को आलू मिले = 18 - (6 + 9) = 18 - 15 = 3


**Q2. नैन्सी को कितने आलू और टमाटर मिले?**

**उत्तर :** नैन्सी को 3 आलू और 8 टमाटर मिले

## अंदाज़ा लगाओ और जाँचो

**Q1. क) हरेक आकृति का कितना भाग रँगा हुआ है? पहले अंदाजा लगाओ और फिर उत्तर को जाँचो।**






**उत्तर :** (1) पहले आकृति का ⅛  (अनुमानित) भाग रंगा हुआ है।

(2) दूसरी आकृति का 1/6  (अनुमानित) भाग रंगा हुआ है।

(3) तीसरी आकृति का 2/9  (अनुमानित) भाग रंगा हुआ है।

(4) चौथी आकृति का 4/15  (अनुमानित) भाग रंगा हुआ है।

**Q2. ख) क्या तुम्हें यह चित्र याद है? छोटे त्रिभुज को देखो। यह वर्ग का कौन सा हिस्सा है? तुम यह कैसे पता लगाओगे? बड़े त्रिभुजों और दूसरी आकृतियों को छोटे-छोटे त्रिभुजों में बाँटो (लाल त्रिभुज की तरह)। कुल कितने छोटे त्रिभुज बनेंगे? रंगीन हिस्से इन्हें पूरा करो :**



**उत्तर :** हां , मुझे यह चित्र याद है ।


छोटे त्रिभुज (लाल त्रिभुज) को देखकर यह पता लगता है कि यह वर्ग का 1/16  है।  यह पता लगाने के लिए कि यह वर्ग का 1/16  है हम निम्नलिखित विधि इस्तेमाल करेंगे -

पूरे वर्ग को नीचे  दी गई  आकृति के अनुसार छोटे-छोटे त्रिभुजों में बाटेंगे।

इससे कुल 16 छोटे त्रिभुज बनेंगे।

## रंगीन हिस्से

**Q1. इस वृत्त को दो बराबर हिस्सों में बाँटा गया है। _____ बराबर हिस्सों में से एक भाग में नीला रंग किया गया है।**



**उत्तर :** पहले चित्र में वृत्त को दो बराबर हिस्सों में बांटा गया है। 2 बराबर हिस्सों में से एक भाग में नीला रंग किया गया हैं दूसरे भाग में गुलाबी रंग किया गया है।

**Q2. इस वृत्त को ____ बराबर हिस्सों में बाँटा गया है। ___ बराबर भागों में से ___भागों में नीला रंग किया गया है।**




**उत्तर :** दूसरे चित्र में वृत्त को 4 बराबर हिस्सों में बांटा गया है। 4 बराबर हिस्सों में से दो भागों में नीला रंग किया गया है और दो भागों में गुलाबी रंग किया गया है।

**Q3. इस वृत्त को** ______________________________________________



**उत्तर :** तीसरे चित्र में वृत्त को 6 बराबर हिस्सों में बांटा गया है। 6 बराबर हिस्सों में से 3 भागों में नीला रंग किया गया है और 3 भागों में गुलाबी रंग किया गया है।

**Q4. इस वृत्त को** ______________________________________________



**उत्तर :** चौथे चित्र में वृत्त को 8 बराबर हिस्सों में बांटा गया है। 8 बराबर हिस्सों में से 4 भागों में नीला रंग किया गया है और 4 भागों में गुलाबी रंग किया गया है।

चूंकि हर एक गोले में रंगीन हिस्से बराबर है।

अतः , हम कह सकते हैं कि ½ = 2/4 = 3/6 = 4/8

## हुलवे को काटना

**Q1. हरेक को हलवे का ______ हिस्सा मिलेगा।**

**उत्तर :** हरेक को हलवे का 1/2 हिस्सा मिलेगा। "यह टुकड़ा बहुत बड़ा है। हम इसे नहीं खा सकते," उन्होंने कहा।

तो उसने इन टुकड़ों को फिर से आधा-आधा बाँटा। अब अम्मू को 2 टुकड़े मिलेंगे।

**Q2. यह हलवे का कितना हिस्सा है?**

**उत्तर:** यह हलवे का 3/4 हिस्सा है।

**Q3. अब हरेक बच्चे को कितने टुकड़े मिलेंगे?**

**उत्तर:** अब हरेक बच्चे को 4 टुकड़े मिलेंगे।

**Q4. हर टुकड़ा हलवे का कितना हिस्सा है?**

**उत्तर :** हर टुकड़ा हलवे का 1/8 हिस्सा है।

**Q5. अगर रमेश ने हलवे को 6 बराबर हिस्सों में काटा होता तो हरेक को कितने टुकड़े मिले होते? प्रश्न 1-4 के अपने उत्तरों को देखो और लिखो।**

**उत्तर** : अगर रमेश ने हलवे को 6 बराबर हिस्सों में काटा होता तो हरेक को 3 टुकड़े मिले होते।

## पैटर्न

**Q1. कितना हिस्सा नीले रंग से भरा हुआ है ?**



**उत्तर** : उपरोक्त आकृति से, हम कह सकते हैं कि 16 वर्गों में से 2 वर्ग नीले रंग के हैं।

यानी 2/16 या 1/8 भाग नीले रंग का है।

**Q2. कितना हिस्सा हरा है?**




**उत्तर :** उपरोक्त आकृति से, हम कह सकते हैं कि, 16 वर्गों में से 1 वर्ग हरे रंग का है।

अर्थात 1/16 भाग हरे रंग का  है।

## हिस्से से पूरे की ओर

**Q1. यहाँ पर एक फूल की ⅕ ई पत्तियाँ दिखाई गई हैं। बाकी पत्तियों का चित्र बनाकर फूल को पूरा करो।**




**उत्तर :** स्वयं करे

**Q2. चित्र में पंखे के एक-तिहाई ब्लेड दिखाई दे रहे हैं। बाकी ब्लेड बनाकर चित्र को पूरा करो।**



**उत्तर :** स्वयं करे

**Q3. एक दूसरे पंखे के आधे ब्लेड यहाँ दिखाए गए हैं। बाकी आधा हिस्सा बनाकर चित्र को पूरा करो। तुमने कितने ब्लेड बनाए हैं?**



**उत्तर :** स्वयं करे

## रुपये और पैसे

**Q1. कितने 50. पैसे एक रुपया बनाएँगे?**

**उत्तर :** 50 पैसे + 50 पैसे = 100 पैसे = 1 रूपए

[1 रुपया = 100 पैसे]

Q2. क्या 50 पैसे एक रुपया का आधा हैं?

उत्तर : हां, 50 पैसे एक रुपया का आधा है।

चार 25 पैसे एक रुपया बनाएँगे।

25 पैसे + 25 पैसे + 25 पैसे + 25 पैसे = 100 पैसे = 1 रूपए

**Q3. कितने 25 पैसे एक रुपया बनाएँगे? 25 पैसा एक रुपये का हिस्सा है।**

**उत्तर :** 25 पैसा एक रुपये का ¼  हिस्सा है।

20 पैसा एक रुपये का 1/5 हिस्सा है।

दस 10 पैसे एक रुपया बनाएँगे।

तो दस पैसे एक रुपये का 1/10 हिस्सा है।

**Q4. 25 पैसा एक रुपये का _____ हिस्सा है।**

**उत्तर :** 25 पैसा एक रुपये का ¼  हिस्सा है।

**Q5. 20 पैसा एक रुपये का _____ हिस्सा है।**

**उत्तर :** 20 पैसा एक रुपये का 1/5 हिस्सा है।

**Q6. कितने 10 पैसे एक रुपया बनाएँगे?**

**उत्तर** : दस 10 पैसे एक रुपया बनाएँगे।

**Q7. तो दस पैसे एक रुपये का _____ हिस्सा है।**

**उत्तर :** तो दस पैसे एक रुपये का 1/10 हिस्सा है।


## एक बूढ़ी औरत की वसीयत

**Q1. यह कैसे हुआ? चर्चा करें।**

**उत्तर :** स्वयं करे

## स्कूल पत्रिका

**Q1. एक स्कूल ने साल के हर तिमाही में एक पत्रिका निकालने की सोची। एक साल में उनके पास कितनी पत्रिकाएँ होंगी? अगर उन्हें साल की हरेक तिमाही के अंत में पत्रिका छापनी है तो कौन से महीने छपाई के होंगे? उन महीनों के अंकों पर निशान लगाओ।**




**उत्तर :** इस प्रश्न से यह पता चलता है कि, स्कूल ने वर्ष के प्रत्येक तिमाही में एक पत्रिका लाने का फैसला किया है।

साल के हर तिमाही का अर्थ है , साल का ¼ हिस्सा।

हम जानते हैं कि, साल में 12 महीने होते हैं।

एक साल में उनके पास 4 पत्रिकाएँ होंगी।

अगर उन्हें साल की हरेक तिमाही के अंत में पत्रिका छापनी है तो मार्च ,जून ,सितंबर, दिसंबर महीने छपाई के होंगे।

उन महीनों के अंकों पर निशान नीचे चित्र में दर्शाए गए हैं।

## नींद के बारे में एक मजेदार बात!

**Q1. ज्यादातर लोग एक दिन में आठ घंटे सोते हैं। तो यह एक दिन का कौन सा हिस्सा है?**

**उत्तर** : उत्तर : स्वयं करे

**Q2. तो वे एक साल का कितना हिस्सा सोते हैं? एक 60 साल का व्यक्ति ज़रूर _साल सोया होगा!!!**

**उत्तर** : ज्यादातर लोग एक दिन में आठ घंटे सोते हैं। तो यह एक दिन का ⅓ हिस्सा है।

1 दिन का भाग = 8/24 = ⅓ भाग

[1 दिन = 24 घंटे]

तो वे एक साल का 1/3 हिस्सा सोते हैं।

एक 60 साल का व्यक्ति ज़रूर 20 साल सोया होगा।

⅓ × 60 = 20 वर्ष

## कीर्ति की खरीदारी सूची पीली सूची को देखो

**Q1.**
**क) 2 किलो टमाटर कितने के हैं?**

**ख) ½ किलो टमाटर कितने के होंगे?**

**ग) किरण को 2½ किलो टमाटर चाहिए? उसे वे कितने के मिलेंगे?**

**घ) 3½ किलो आलू की कीमत क्या होगी?**

**ड) 1¼ किलो गाजर कितने की होंगी?**

**च) उसने 43 किलो का लौकी खरीदा जिसकी कीमत । चीज़ टमाटर 2 1/4 कि.ग्रा. गाजर 3 3/4 किग्रा. लौकी किया। खर्च कीमत रुपयों में (1 किलो के लिए)**

**छ) कीर्ति के हाथ में खरीदारी सूची को देखें। उसे यह सब खरीदने के लिए कितने रुपये देने पड़ेंगे?**

**झ) तुम जो सब्ज़ियाँ खरीदना चाहते हो उनका बिल खुद बनाओ। पता लगाओ कि तुम्हें कुल कितने पैसे देने पड़ेंगे।**

**उत्तर** :

क) पीली सूची के अनुसार 1 किलो टमाटर का मूल्य = ₹ 12

2 किलो टमाटर का मूल्य = 12 × 2 = ₹ 24

2 किलो टमाटर ₹ 24 के हैं।

ख) पीली सूची के अनुसार 1 किलो टमाटर का मूल्य = ₹ 12

1/2 किलो टमाटर का मूल्य = 12 × 1/2 = ₹ 6

½ किलो टमाटर ₹ 6 के होंगे।

ग) पीली सूची के अनुसार 1 किलो टमाटर का मूल्य = ₹ 12

2 ½ किलो टमाटर का मूल्य = 12 × 5/2 = ₹ 6 × 5 = ₹ 30

किरण को 2 ½ किलो टमाटर ₹ 30 के मिलेंगे।

घ) पीली सूची के अनुसार 1 किलो आलू का मूल्य = ₹ 10

3 ½ किलो आलू का मूल्य = 10 × 7/2 = ₹ 5 × 7 = ₹ 35

3 ½ किलो आलू की कीमत ₹ 35 होगी।

ड) पीली सूची के अनुसार 1 किलो गाजर का मूल्य = ₹ 18

1 ¼ किलो गाजर का मूल्य = 18 × 5/4 = ₹ 45/2 = ₹ 22.50

1 ¼ किलो गाजर ₹ 22.50 की होंगी।

च) पीली सूची के अनुसार 1 किलो लौकी का मूल्य = ₹ 8

4 ¾ किलो लौकी का मूल्य = 8 × 19/4 = ₹ 19 × 2 = ₹ 38

उसने 4 ¾ किलो की लौकी खरीदा जिसकी कीमत हैं ₹ 38

छ) कीर्ति के हाथ में खरीदारी सूची के अनुसार उसे यह सब खरीदने के लिए ₹ 106.50 रुपये देने पड़ेंगे।

खरीदारी की सूची का विस्तृत विवरण नीचे चित्र में दिया गया है।

झ) मैंने जो सब्ज़ियाँ खरीदी उनका बिल नीचे चित्र में दिया गया है।

मुझे कुल ₹ 64 पैसे देने पड़ेंगे।